# एयर डिफेंस को मिलेगी नई ताकत

## दुर्गम और पहाड़ी इलाकों में भी दुश्मन की हवाई गतिविधियों पर सटीक नजर

- 1,950 करोड़ रुपये की लागत की मिली मंजूरी
- स्वदेशी माउंटेन रडार सिस्टम से रक्षा को ताकत मिलेगी



**नई दिल्ली, 31 मार्च. देश की सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मिनिस्ट्री ऑफ डिफेन्स ने इंडियन एयर फॉर्स के लिए स्वदेशी माउंटेन रडार सिस्टम को मंजूरी दी है.**

1,95 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले ये अत्याधुनिक रडार दुर्गम और पहाड़ी इलाकों में भी दुश्मन की हवाई गतिविधियों पर सटीक नजर रख सकेंगे. इस परियोजना से भारत की वायु रक्षा क्षमता मजबूत होगी. आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत की वायु सुरक्षा को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से मिनिस्ट्री ऑफ डिफेन्स ने एयर फॉर्स के लिए स्वदेशी माउंटेन रडार सिस्टम से रक्षा को ताकत मिलेगी.

### रडार टेरेन में सटीकता के साथ काम करने में सक्षम

लगभग 1,950 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के तहत ऐसे अत्याधुनिक रडार तैयार किए जाएंगे, जो दुर्गम पहाड़ी और सीमावर्ती क्षेत्रों में भी प्रभावी ढंग से काम कर सकेंगे. रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इन रडार सिस्टम की तैनाती से देश की एयर डिफेंस क्षमता में उल्लेखनीय सुधार होगा। खासतौर पर उत्तर और पूर्व के पहाड़ी सीमावर्ती क्षेत्रों तथा पश्चिम के रेगिस्तानी इलाकों में दुश्मन की हवाई गतिविधियों पर नजर रखना अब और आसान हो जाएगा। ये रडार हर प्रकार के टेरेन में सटीकता के साथ काम करने में सक्षम होंगे। इस महत्वपूर्ण परियोजना के तहत भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ समझौता किया गया है। रडार सिस्टम का डिजाइन और विकास डिफेन्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाईजेशन की इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास स्थापना द्वारा किया गया है, जबकि इसका निर्माण द्वारा किया जाएगा.यह सौदा 'स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित' श्रेणी के अंतर्गत किया गया है, जो आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती देता है. इसके जरिए न केवल विदेशी रक्षा उपकरणों पर निर्भरता कम होगी, बल्कि देश में रक्षा उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा.

## सर्गेई लावरोव ब्रिक्स बैठक में शामिल होने के लिए भारत के दौरे पर

**नयी दिल्ली.** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव 14-15 मई को ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली आयेंगे। रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रेई रुडेंको ने रूस की समाचार एजेंसी तास को यह जानकारी दी। भारत की अध्यक्षता में हो रहे इस सम्मेलन से इतर श्री लावरोव विदेश मंत्री एस जयशंकर और अन्य अधिकारियों के साथ भी अलग से बैठकें करेंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने रूस के उप विदेश मंत्री रुडेंको के साथ 3 मार्च को एक वार्ता की थी। इस वार्ता (परामर्श) के दौरान, दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों की पूरी श्रृंखला की समीक्षा की और आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया.

# कुंडई में मानसिक शांति का अनुभव : केजरीवाल

- गोवा के कुंडई में केजरीवाल को मिला आध्यात्मिक अनुभव
- अरविंद केजरीवाल ने गोवा के पवित्र स्थल में किया दर्शन



**नई दिल्ली, 31 मार्च. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हाल ही में गोवा के कुंडई स्थित तपोभूमि-श्री दत्त पद्मनाभ पीठ का दौरा किया.**

वहां उन्होंने पद्मश्री सद्गुरु ब्रह्मेशानंद आचार्य स्वामीजी के सान्निध्य में गहन शांति और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। केजरीवाल ने अपने अनुभव को एक्स पर साझा किया और लिखा कि यह पवित्र स्थल न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का केंद्र है बल्कि स्थानीय संस्कृति, योग और ज्ञान के प्रसार का महत्वपूर्ण केंद्र भी है। उन्होंने बताया कि स्थल पर आने से मन को अपार शांति और जीवन में सुकून की अनुभूति होती है। उनके अनुसार, तपोभूमि-श्री दत्त पीठ की वास्तुकला, प्राकृतिक वातावरण और साधु-संतों की उपस्थिति इसे एक अद्वितीय अनुभव बनाती है। केजरीवाल ने कहा कि इस स्थल की यात्रा केवल दर्शन की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए भी अत्यंत लाभकारी है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गोवा के कुंडई में स्थित तपोभूमि-श्री दत्त पद्मनाभ पीठ का हाल ही में दौरा किया.

# सरकार की स्मार्ट सिटी योजना धोखा साबित हुई : राहुल

**नई दिल्ली, 31 मार्च. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने स्मार्ट सिटी परियोजना को लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हुए मंगलवार को इसे धोखा करार दिया और कहा कि यह योजना अपने उद्देश्य से भटक गई और आम नागरिकों को इससे कोई फायदा नहीं पहुंचा.**

गांधी ने एक बयान में आरोप लगाया कि परियोजना के तहत शहरों के समग्र विकास के बजाय सीमित क्षेत्रों में काम कर उसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया गया, जबकि ज़मीनी स्तर पर बुनियादी सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ.



उन्होंने कहा कोई भी शहर तब तक 'स्मार्ट' नहीं हो सकता, जब तक वह अपने नागरिकों को साफ पानी, स्वच्छ हवा और सुरक्षा जैसी बुनियादी गरिमा उपलब्ध नहीं कराता. स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करीब 48 हजार करोड़ रुपये खर्च होने और 97 प्रतिशत परियोजनाओं के पूरे होने का दावा किया गया, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे अलग है.

### कानून व्यवस्था हो चुकी है ध्वस्त : राहुल

नई दिल्ली. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यह अत्यंत चिंता की बात है कि शांति और सुरक्षा की पहचान रखने वाले उत्तराखंड की कानून व्यवस्था भाजपा शासन में ध्वस्त हो गई है और वहां सीमाओं की रक्षा करने वाले सैन्य अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं. देहरादून की कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से देहरादून में अपराध बढ़ रहे हैं उससे साबित हो गया है भाजपा शासन में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है.

### आज का इतिहास

- 1582 – फ्रांस में पहली बार अप्रैल फूल डे (मूर्ख दिवस) मनाया गया.
- 1889 – राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक एवं क्रांतिकारी केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म.
- 1912 – भारत की राजधानी औपचारिक रूप से कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित की गई.
- 1930 – भारत में विवाह के लिए लड़कियों की उम्र 14 और लड़कों की 18 वर्ष तय की गई.
- 1935 – भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना.

# धामी ने केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया

## 1105 .79 करोड़ रुपए की स्वीकृत किए जाने पर सरकार का धन्यवाद

**देहरादून/ऋषिकेश, 31 मार्च. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को ऋषिकेश बाईपास 4-लेन परियोजना के लिए 1105.79 करोड़ रुपये स्वीकृत किए जाने पर केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया है.**

केन्द्र सरकार ने प्रदेश सड़क ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आज यह स्वीकृति प्रदान की है. यह बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग-7 पर टीनपानी फ्लाईओवर से खरासोटे पुल तक विकसित किया जाएगा. लगभग 12.67 किलोमीटर लंबी



यह परियोजना भट्टोवाला और ढालवाला गांवों से होकर गुजरेगी. निर्माण कार्य इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं कंस्ट्रक्शन मोड पर किया जाएगा और इसे तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. मुख्यमंत्री धामी ने स्वीकृति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से ऋषिकेश क्षेत्र में यातायात दबाव कम होगा और जाम की समस्या से निजात मिलेगी. साथ ही चारधाम यात्रा और पर्यटन गतिविधियों को भी गति मिलेगी, जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास को बल मिलेगा. मंत्रालय के अनुसार परियोजना कार्य में किसी भी प्रकार की लागत या समय वृद्धि स्वीकार नहीं की जाएगी. परियोजना के लिए ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाएंगी. यह परियोजना वित्त वर्ष 225-26 के बजट प्रावधान के अंतर्गत संचालित होगी.

## आठ श्रद्धालुओं की मौत पर राष्ट्रपति ने जताया गहरा शोक

**नालंदा, बिहार.** बिहार के नालंदा जिले स्थित शीतला माता मंदिर में मंगलवार को हुई भगदड़ ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। पूजा-अर्चना के दौरान अचानक बढ़ी भीड़ के कारण हालात बेकाबू हो गए, जिससे 8 श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। इस दुखद घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीड़ित परिवारों के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा की है.

# भारत को लेकर झूठ बकता रहा पाकिस्तान

## दुनिया के सामने बेनकाब हुआ पाक, यूनाइटेड स्टेट्स ने बताया सच

**भारत पर आरोप, खुद बेनकाब-पाक की करतूतें' आईं सामने**

वॉशिंगटन/नई दिल्ली, 31 मार्च. भारत पर लगातार आरोप लगाने वाला पाकिस्तान एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेनकाब हो गया है। यूनाइटेड स्टेट्स की एक ताजा रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि पाकिस्तान आज भी आतंकवादी संगठनों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है. यूएस कांग्रेस रिसर्च सर्विस की रिपोर्ट में बताया गया है कि कई प्रतिबंधित आतंकी समूह अब भी वहां सक्रिय हैं। इससे पाकिस्तान के उन दावों पर सवाल उठ गए हैं।

### पाकिस्तान अब एक बार फिर सवालों के घेरे में

खुद को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताता रहा है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर खुद को जिम्मेदार और आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताने वाला पाकिस्तान अब एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गया है. यूनाइटेड स्टेट्स की यूएस कांग्रेस रिसर्च सर्विस द्वारा जारी ताजा रिपोर्ट में पाकिस्तान की वास्तविकता को उजागर किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान अब भी कई आतंकी संगठनों के लिए सुरक्षित ठिकाना बना हुआ है, जहां करीब 15 बड़े आतंकी समूह सक्रिय हैं. रिपोर्ट में बताया गया है कि इन संगठनों में से 12 को अमेरिकी कानून के तहत 'विदेशी आतंकवादी संगठन' घोषित किया जा चुका है। इसके बावजूद ये समूह पाकिस्तान में सक्रिय हैं और विभिन्न क्षेत्रों—भारत, अफगानिस्तान और घरेलू स्तर—पर अपनी गतिविधियां जारी रखे हुए हैं। विशेष रूप से भारत-केंद्रित आतंकी संगठनों पर चिंता जताई गई है।लश्कर इ तैबा, जैश इ मुहम्मद और हिज्बुल मुजाहिदीन और जैसे समूह अब भी सक्रिय हैं और इनके पास सैकड़ों-हजारों समर्थकों का नेटवर्क मौजूद है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 2014 में घोषित 'नेशनल एक्शन प्लान' के बावजूद पाकिस्तान इन संगठनों के खिलाफ ठोस कार्रवाई करने में नाकाम रहा है.

# सोनिया गांधी को एक हफ्ते बाद मिली अस्पताल से छुट्टी

**नई दिल्ली, 31 मार्च. वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को एक सप्ताह के इलाज के बाद मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी मिल गयी.**

डॉक्टरों के अनुसार उनकी सेहत में अब काफी सुधार है और उन्हें पूरी तरह स्वस्थ्य हैं. अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप ने बयान जारी कर बताया कि श्रीमती गांधी को सिस्टमिक इन्फेक्शन के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसके इलाज के लिए उन्हें एंटीबायोटिक्स दी गई. उपचार का उन पर सकारात्मक असर हुआ और उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है. उन्होंने बताया कि



श्रीमती गांधी का इलाज डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम की निगरानी में किया गया, जिसमें डॉ. डी.एस. राणा, डॉ. एस. नंदी और डॉ. अरूप बसु शामिल थे.

डॉक्टरों के मुताबिक अब उनकी स्थिति पूरी तरह स्थिर है. उन्हें अब घर पर आराम करने के लिए कहा गया है.

# ईडी ने त्रिपुरा ड्रग तस्करी मामलों में तीन अभियोजन शिकायतें कीं दर्ज

नई दिल्ली, 31 मार्च. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने त्रिपुरा में नशीले एवं साइकोट्रोपिक पदार्थों की तस्करी और अवैध व्यापार के खिलाफ 14 आरोपियों के खिलाफ तीन अभियोजन शिकायतें दर्ज की हैं. ईडी की अगरतला उप-क्षेत्रीय कार्यालय ने यह जानकारी दी। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि ये शिकायतें एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज अपराधों से जुड़ी हैं और इनका संबंध व्यवस्थित ड्रग तस्करी गतिविधियों से की गयी अपराध की कमाई के शोधन से है। इनमें पहली शिकायत लिटन साहा और उसके सहयोगियों के खिलाफ दायर की गयी है। ईडी ने इस जांच की शुरुआत त्रिपुरा पुलिस (जिरानिया थाना) में इनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की है। इस मामले में त्रिपुरा पुलिस पहले ही आरोपपत्र दाखिल कर चुकी है। जांच से पता चला कि लिटन साहा कोडीन-आधारित कफ सिरप की अवैध तस्करी में शामिल था। इसमें त्रिपुरा पुलिस की जब्त की गयी 9,590 बोतलें भी शामिल हैं, जिन्हें उसकी लॉजिस्टिक फर्म मेसर्स स्वस्तिक रोडवेज के माध्यम से ले जाया जा रहा था.

# यूपी में पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी पर नकेल

- 17,000 से ज्यादा छापे

लखनऊ, 31 मार्च. उत्तर प्रदेश सरकार ने एलपीजी और पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी पर सख्ती दिखाते हुए 12 मार्च से अब तक पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर कार्रवाई की है. सरकार के मुताबिक, इस अवधि में 17,581 छापे और निरीक्षण किए गए, जिससे आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में मदद मिली है. सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार, इस कार्रवाई के दौरान 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. मुख्य सचिव के निर्देश पर सभी जिलों में प्रशासन अलर्ट मोड में है और जिला पूर्ति अधिकारी तथा अन्य अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं, ताकि आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर और ईंधन मिल सके. एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स के खिलाफ 33 एफआईआरकी गई हैं जबकि अन्य मामलों में 189 एफआईआर, 17 गिरफ्तारियां और 224 लोगों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है. सरकार ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है।करीब 91,000 किलोलीटर पेट्रोल और लगभग 1.15 लाख किलोलीटर डीजल स्टॉक में उपलब्ध है.

## मेक्सिको को क्यूबा को ईंधन भेजने का पूरा अधिकार : शिनबाम

**मेक्सिको सिटी.** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम ने अमेरिका के दशकों पुराने आर्थिक प्रतिबंधों और दबाव को दरकिनार करते हुए एक साहसिक घोषणा की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मेक्सिको क्यूबा को ईंधन भेजने के अपने संप्रभु अधिकार का पूरी तरह से उपयोग करेगा, चाहे वह मानवीय आधार पर हो या व्यावसायिक समझौतों के तहत। नेशनल पैलेस में आयोजित अपनी नियमित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति शिनबाम ने बिना किसी हिचकिचाहट के कहा कि मेक्सिको को किसी से इजाजत मांगने की जरूरत नहीं है। सुश्री शिनबाम ने जोर देकर कहा कि मेक्सिको और क्यूबा के संबंध ऐतिहासिक हैं।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट जिला - बालाघाट (म.प्र.) पिनकोड - 481001**
Email Address - cmobalaghat@mpurban.gov.in/cmo.bgt@gmail.com

क्रमांक/एक /50- 2/जलप्रदाय शाखा/2026/15950 बालाघाट दिनांक :- 24/03/2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

| क्रं. | Tender ID | CONTENT DESCRIPTION | LAGAT MULYA | AMANAT RASHI/ NIVIDA FORM MULYA | NIVIDA KI ANTIM TITHI |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_ 493305_1 | 75HP मोटर की असैम्बली एवं रिपेरिंग का कार्य | 5.00 lakh | 10,000=00/ 2,000=00 | 13/04/2026 |
| 2. | 2026_UAD_ 493351_1 | स्टेबल ब्लिचिग पाऊडर Grade1 | 30.00 lakh | 60,000=00/ 5,000-00 | 28/04/2026 |
| 3. | 2026_UAD_ 493332_1 | एल्युमिना फेरिक एलम 4 Grade | 40.00 lakh | 80,000=00/ 5,000-00 | 28/04/2026 |

निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाश नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बालाघाट जिला बालाघाट (म.प्र.)

**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग विभाग
खुली निविदा

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में **वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर** के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी-48-2026, दिनांक 27.03.2026. **कार्य का नाम लोकेशन सहित: सहायक मंडल अभियंता - नरसिंहपुर उप-मंडल के अंतर्गत श्रीधाम डिपो पर, रेलवे की ट्रैक बैलास्ट संबंधी विशिष्टताओं (IS/RDSO-GE/0001:2023) के अनुसार, 65mm मशीन-क्रश्ड, कठोर और टिकाऊ ट्रैक स्टोन बैलास्ट की आपूर्ति, स्टैकिंग और लोडिंग का कार्य; जिसमें परिवहन दूरी, उठान, कर, रॉयल्टी, शुल्क आदि सभी शामिल हैं। कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹ 9,16,29,600/-. **बयाना राशि:** ₹ 18,32,600/-. **समापन अवधि:** 18 माह। **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजे तक:** 21.04.2026. **निविदा खुलने की अंतिम तिथि एवं समय 15.15 बजे:** 21.04.2026. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट **https://ireps.gov.in** पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**
मुख्यालय : जहांगीराबाद, भोपाल

क्र./यां.शा./2120/2026 भोपाल, दिनांक : 26.03.2026

**निविदा सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

विपणन संघ द्वारा स्वयं के लिए गोदाम मरम्मत/रिनोवेशन एवं निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएं **दिनांक 21.04.2026 को सायं 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होंगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होंगी।

| क्र. | Tender Ref. No. | कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2339 | Repairing/Renovation work of 1000 MT Godown No.-01 (Part A & B) of Markfed at Kareli Distt. Narsinghpur, Repairing/ Renovation work of 1000 MT Godown No.-02 of Markfed at Kareli Distt. Narsinghpur And Construction work of Toilet Block (Male/Female) in the campus of Markfed at Kareli Distt. Narsinghpur (1st Call) | 28,84,019.00 |
| 2. | 2340 | Repairing/Renovation work of 1000 MT Godown No.-01 of Markfed at Gadarwara Distt. Narsinghpur, Repairing/Renovation work of 1000 MT Godown No.-02 (A&B) NCDCIII of Markfed at Gadarwara Distt. Narsinghpur And Construction work of Toilet Block (Male/Female) in the campus of Markfed at Gadarwara Distt. Narsinghpur And Construction work of Borewell in the campus of Markfed at Gadarwara Distt. Narsinghpur (1st Call) | 29,09,548.00 |

नोट :-
01. आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/125125/2026 मुख्य अभियन्ता (सि.)

BAJAJ FINANCE

**सोने के गहनों की नीलामी के लिए समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना**
**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**
**पंजीकृत कार्यालयः मुंबई - पुणे रोड, अकुर्दी, पुणे - 411035**

BFL सभी ऋणियों और सर्वसाधारण को सूचित करता है कि गोल्ड लोन लेते समय ऋणी ने बतौर सेक्युरिटी अपने लोन खाते में सोने के गहने गिरवी रखे और बार-बार नोटिस दिए जाने के बावजूद जो ऋणी लोन की राशि चुकाने या आवश्यक मार्जिन देने में विफल रहे उनके गहने 'जहां है जैसा है और जो है जैसा है' आधार पर नीलाम किए जाएंगे। निविदा करने वालों से अनुरोध है कि नीचे दी गई शर्तों का पालन करें:

(क) क्यूआर कोड स्कैन कर सार्वजनिक सूचना (लोन, गहनों का सकल वजन, स्थान और नीलामी की तिथि) की सम्पूर्ण जानकारी देखें।
(ख) सार्वजनिक नीलामी से संबंधित निविदा के सभी नियम और शर्तें ("टी एण्ड सी") वेबलिंक http://172.30.1.235:3000/?WOUB2QG9WU के माध्यम से पढ़ें;
(ग) नियम और शर्तें समझ लें और उसके बाद ही नीलामी की तिथि या उससे पहले बतौर अग्रिम जमा राशि रु.25,000 फंड ट्रांसफर (एनईएफटी/आरटीजीएस/बजाज गोल्ड ऑक्शन ऐप) कर दें;
(घ) नीलामी के स्थान पर सुबह 10 बजे तक व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज करें; तथा
(ङ) नीलामी के स्थान पर अपना पहचान और पते का वैध प्रमाण लेकर आएं।
(च) नीलामी की दिन में दोपहर 12 बजे के बाद नीलामी में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
(छ) शाखा प्रबंधक/नीलामीकर्ता को बोली लगाने वालों की भागीदारी स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है, यदि वे निर्धारित समय सीमा में भाग नहीं लेते हैं, चाहे वे अग्रिम राशि जमा राशि (ईएमडी) का भुगतान कर चुके हो।

TQRCG
स्कैन करें

नीलामी के स्थान और तिथि में परिवर्तन, यदि कोई हो, तो उसकी सूचना नीलामी केंद्र पर प्रदर्शित की जाएगी। आपका निविदा करना उपरोक्त शर्तों पर सहमत होना माना जाएगा। यदि सार्वजनिक नीलामी से बिक्री निलंबित/निरस्त होती है तो बीएफएल ऋणी(ऋणियों) के कहने पर निजी तौर पर गहनों की बिक्री करने का अधिकार भी सुरक्षित रखती है। अतिरिक्त जानकारी के लिए हमसे इस ईमेल आईडी पर संपर्क करे - gold.auction@bajajfinserv.in

(11-05-26) **आस्था – कन्नौद रोड**; POX6GOL16830427, 17300659, 17367749. **बैतूल – शर्मा कॉम्प्लेक्स**; PCA4GOL16773604, 17295519, 17290951. **भिण्ड – ग्वालियर रोड**; POZ5GOL16952971, 17292744. **भोपाल – इमामी गेट**; PF46GOL17301191. (12-05-26) **भोपाल – इंद्रपुरी**; PF49GOL15897350, 16992107. **भोपाल – मध्य प्रदेश नगर**; PCA5GOL17350799. **ब्यावरा – ओल्ड एबी रोड**; PMN3GOL16899175, 17346006. **बीना – इटावा स्टेशन रोड**; PCA6GOL16934186, 17309367, 17313378. (13-05-26) **छिंदवाड़ा – परासिया रोड**; PEQ1GOL16937952, 17038872, 17244826. **देवास – एबी रोड**; PGG2GOL16935189, 17071214, 17112376, 17109300. **गंज बसोदा – मेन रोड**; P02WGOL17219928. **गुना – एबी रोड**; PEH2GOL16995455, 17047137, 17063220, 17071125, 17090979, 17182044, 17267651, 17345584. (14-05-26) **ग्वालियर – सिटी सेंटर**; PCA7GOL16834603, 16926610, 17156909, 17179009. **ग्वालियर – गोले का मंदिर**; PJD1GOL16787808, 16786933, 16883785, 17087002, 17372445. **ग्वालियर – मुरार**; PHF9GOL17217248. **ग्वालियर – नया बाज़ार**; PF25GOL16926921, 16930230, 16948533, 17324059. **ग्वालियर – विनय नगर**; PEF2GOL16976252, 17064148, 17206877, 17271182. (15-05-26): **हरदा – बाफना टावर**; PCA8GOL17265771. **होशंगाबाद – मीनाक्षी चौक**; PCA9GOL14377792, 15781880, 15847333, 16882275, 17084144, 17107363, 17366280. **इंदौर – विजय नगर**; PGJ9GOL16773837, 16950156, 17246763. **इटारसी – सराफा बाज़ार**; P03WGOL17089066, 17106732. **जबलपुर – दीनदयाल चौक**; PEH4GOL16827774, 16828403, 16852387, 16995094, 17345013. (18-05-26) **जबलपुर – राइट टाउन**; PGO3GOL16776855, 16900001. **खंडवा – शिवाजी चौक**; PCP1GOL17129161. **खरगोन – जवाहर मार्ग**; PJC9GOL17002772. **मुरैना – शिवनगर**; PJC8GOL16926991, 17098272, 17178289. **पोरसा - BGL**; POA4GOL17223572, 17323427. (19-05-26) **नरसिंहपुर - BGL**; PNT1GOL17048156, 17133284, 17309685, 17368218, 17368998. **रीवा - BGL**; PNR9GOL16824748, 17240440. **सतना – रीवा रोड**; PCP2GOL17273532. **शहडोल - BGL**; PNT3GOL16832024. (20-05-26) **श्योपुर – शिवपुरी रोड**; PLC3GOL15965524, 16995242, 16999684. **शिवपुरी – एबी रोड**; PEH3GOL17090624, 17089697. **शुजालपुर – मंडी**; PPG5GOL16931825. **उज्जैन – फ्रीगंज**; PCP4GOL17314981, 17343257.

**बजाज फाईनान्स लिमिटेड**